# वैश्विक अनिश्चितताओं में कपड़ा निर्यात बढ़ा

**जुलाई 2025 में कपड़ा निर्यात 5 .3त्न बढ़कर 3 .1 अरब डॉलर पहुँचा**

**रेडीमेड गारमेंट्स, कालीन और हस्तशिल्प ने वृद्धि में अहम योगदान**



भारत का टेक्सटाइल सेक्टर जुलाई में मजबूत प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 21 अगस्त. वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के कपड़ा और परिधान क्षेत्र ने जुलाई में सकारात्मक वृद्धि की राह पर अग्रसर होकर मजबूती का प्रदर्शन किया है, जिससे रोजगार, निर्यात और आर्थिक विकास के प्रमुख चालक के रूप में इस क्षेत्र की भूमिका की पुष्टि होती है.**

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ कमर्शियल इंटेलिजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डीजीसीआईएस) के अनुमानों के अनुसार, जुलाई में प्रमुख कपड़ा वस्तुओं का निर्यात 3.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष इसी महीने के 2.94 अरब डॉलर की तुलना में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है.

अप्रैल-जुलाई 2025 की अवधि के लिए, संचयी कपड़ा निर्यात 12.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 11.73 अरब डॉलर के आंकड़े से 3.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. सेगमेंट-वाइज आंकड़े दर्शाते हैं कि इस वर्ष जुलाई में रेडीमेड कपड़ों का निर्यात 1.34 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई 2024 के 1.28 अरब डॉलर से 4.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. इस वर्ष अप्रैल-जुलाई के लिए संचयी निर्यात 7.87 प्रतिशत बढ़कर 5.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 5.13 अरब डॉलर था.

सूती वस्त्र (सूती धागे, कपड़े, मेड-अप और हथकरघा) का निर्यात जुलाई 2024 के 970.5 मिलियन डॉलर से 5.2 प्रतिशत बढ़कर 1.02 अरब डॉलर हो गया. अप्रैल-जुलाई 2025 के लिए संचयी निर्यात 3.88 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के 3.89 अरब डॉलर से लगभग अपरिवर्तित रहा.

कार्पेट निर्यात 8 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 133 मिलियन डॉलर हो गया, जबकि हस्तशिल्प निर्यात में 10 प्रतिशत से अधिक की मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई और जुलाई में यह 153.4 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया.

> बयान में कहा गया है कि उद्योग का प्रदर्शन भारत की विविध उत्पाद क्षमता को दर्शाता है, जो कपास और एमएमएफ-आधारित वस्त्रों से लेकर पारंपरिक हस्तशिल्प और पर्यावरण-अनुकूल जूट तक फैली हुई है. बयान में आगे कहा गया है कि आरओएससीटीएल, आरओडीटीईपी, वस्त्रों के लिए पीएलआई, पीएम मित्र पार्क और नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन, राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम जैसी योजनाओं के तहत पहल इस क्षेत्र को आधुनिक बनाने, इनोवेशन करने और विविधीकरण करने में सक्षम बना रही हैं.

# पीएफओ के पेरोल डेटा में उछाल

## जून में 21.89 लाख नए सदस्य जुड़े, रोजगार के अवसरों में वृद्धि का संकेत




**नई दिल्ली, 21 अगस्त. कर्मचारी भविष्य निधि संगठनने बुधवार को जून महीने के लिए अपने अनंतिम पेरोल डेटा जारी किए, जिसमें शुद्ध रूप से 21.89 लाख नए सदस्य जुड़े हैं. यह मई की तुलना में शुद्ध पेरोल परिवर्धन में 9.14त्न की वृद्धि दर्शाता है, जो देश भर में रोजगार के अवसरों में सकारात्मक रुझान और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को उजागर करता है.**

नए सदस्यों में युवाओं की बड़ी भागीदारी, महिला सदस्यों में भी उल्लेखनीय वृद्धि

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ईपीएफओ ने जून में लगभग 10.62 लाख नए सदस्यों का नामांकन किया. विज्ञप्ति में कहा गया है कि नए सदस्यों की यह वृद्धि बढ़ते रोजगार बाजार, ईपीएफओ के लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और नए कर्मचारियों को जोड़ने के लिए संगठन की केंद्रित पहलों के कारण है. नए सदस्यों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 18-25 आयु वर्ग से आया है, जो जून में कुल नए सदस्यों का 60.22त्न है. यह 6.39 लाख व्यक्तियों के बराबर है, जिनमें से अधिकांश पहली बार नौकरी करने वाले हैं, जो औपचारिक कार्यबल में युवा लोगों के प्रवेश की प्रवृत्ति को जारी रखे हुए हैं. जून के लिए 18-25 आयु वर्ग में शुद्ध पेरोल परिवर्धन 9.72 लाख रहा, जो मासिक आधार पर 11.41त्न और पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 12.15त्न की वृद्धि दर्शाता है. डेटा से यह भी पता चलता है कि लगभग 16.93 लाख सदस्य, जो पहले ईपीएफओ से बाहर निकल गए थे, जून में फिर से जुड़ गए हैं, जो साल-दर-साल 19.65त्न की वृद्धि दर्शाता है. इनमें से कई सदस्यों ने अंतिम निपटान का विकल्प चुनने के बजाय अपनी पिछली ईपीएफओ जमा को स्थानांतरित कर नौकरी बदली है, जिससे उनकी दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हुई है.

# रेलवे और ट्रैवल एजेंट के बीच साझेदारी

## प्रगति के लिए साझेदारी थीम पर हुई अहम चर्चा



**अहमदाबाद, 21 अगस्त. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल ने मंगलवार को ग्लोबल ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के साथ अमदाबाद में एक महत्वपूर्ण संवादात्मक और सहभागिता सत्र का आयोजन किया. यह कार्यक्रम प्रगति के लिए साझेदारी- भारतीय रेलवे के साथ व्यावसायिक अवसर थीम पर आधारित था.**

**भारतीय रेलवे और पर्यटन क्षेत्र के लिए नए अवसरों की तलाश**- इस सत्र का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेलवे और ट्रैवल ट्रेड फ्रैटर्निटी के बीच एक सहयोगी मंच स्थापित करना था, जहाँ नए व्यावसायिक अवसरों, यात्री सेवाओं, पर्यटन संवर्धन और साझेदारी के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा की गई. यह पहल GTAA के उस मिशन को भी दर्शाती है, जिसके तहत वह ट्रैवल इंडस्ट्री और सरकारी संस्थाओं के बीच संबंधों को मजबूत कर आपसी विकास और व्यावसायिक क्षितिज का विस्तार करना चाहता है.

**भविष्योन्मुखी योजनाओं पर प्रकाश**- मंडल रेल प्रबंधक, अहमदाबाद वेद प्रकाश ने इस अवसर पर भारतीय रेलवे के दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे केवल देश की प्रगति का आधार स्तंभ ही नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय आर्थिक विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन संवर्धन की अहम कड़ी भी है. उन्होंने भारतीय रेलवे की दूरदर्शी नीतियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 1377 स्टेशनों का पुनर्विकास, बुलेट ट्रेन, वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक सेवाएँ शामिल हैं.

### सुझावों को भविष्य की योजनाओं में शामिल करने पर जोर

मंडल प्रवक्ता ने बताया कि इस संवादात्मक सत्र में प्राप्त सभी सुझावों को भारतीय रेलवे की भविष्य की योजनाओं में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. इससे न केवल रेल सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता में वृद्धि होगी, बल्कि यात्रियों के अनुभव को और अधिक समृद्ध और संतोषजनक बनाया जा सकेगा. यह सत्र विचारों और सुझावों के आदान-प्रदान का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ और भारतीय रेल तथा यात्रा व्यापार समुदाय के बीच मजबूत साझेदारी एवं दीर्घकालिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ.

# जुलाई में कृषि-ग्रामीण श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति घटी

**नयी दिल्ली.** कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 0.77 प्रतिशत व 1.01 प्रतिशत रह गई जो जून में क्रमश: 1.42 प्रतिशत और 1.73 प्रतिशत थी. श्रम मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली.

श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया कि कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जुलाई 2025 में 1.23 अंक बढ़कर 135.31 हो गया जबकि ग्रामीण श्रमिकों का सूचकांक 1.30 अंक बढ़कर 135.66 पर पहुंच गया.

# जीएसटी सुधारों से मिलेगी राहत



**नयी दिल्ली, 21 अगस्त ( वार्ता ) वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि माल एवं सेवा कर ( जीएसटी ) की दरों के युक्तिकरण का उद्देश्य आम आदमी, किसान, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को अधिक राहत प्रदान करना है.**

सीतारमण ने कहा कि इसके साथ ही इसके माध्यम से अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को और सरलीकृत, पारदर्शी और विकासोन्मुखी करने का प्रयास है. उन्होंने जीएसटी परिषद द्वारा क्षतिपूर्ति उपकर, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, तथा दरों के युक्तिकरण पर गठित मंत्रिसमूहों को संबोधित करते हुये यह बात कही. बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, गोवा के मुख्यमंत्री, बिहार के उपमुख्यमंत्री और तीनों जीओएम में शामिल राज्यों के वित्त मंत्री भी उपस्थित थे.केंद्र सरकार सहकारी संघवाद की भावना के साथ अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को लागू करने के लिए आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ व्यापक सहमति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. दो दिन की इस बैठक में मंत्रियों के ये समूह जीएसटी दरों के सरलीकरण, बीमा पर जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर के साथ कर प्रणाली में अगली पीढ़ी के सुधारों पर चर्चा करेंगे.

# जियो के प्लान सबसे सस्ते : बीएनपी

**सबसे लोकप्रिय 799 रु वाले प्लान को बंद करने का कंपनी ने खंडन किया**

**किफ़ायती और सुविधाजनक रिचार्ज प्लान अभी जारी रहेंगे**




**नई दिल्ली, 21 अगस्त, रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान अन्य टेलीकॉम ऑपरेटरों की तुलना में अभी भी सबसे सस्ते बने हुए हैं. एनालिस्ट हाउस बीएनपी पारिबास ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हालिया टैरिफ में किए गए बदलावों के बावजूद जियो के लोकप्रिय प्लान्स सस्ते होने के साथ अधिक डेटा भी उपलब्ध करा रहे हैं.**

रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि टेलीकॉम सेक्टर की तीनों बड़ी कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के एंट्री लेवल प्लान्स अब 299 रु के हो गए है. पर रिलायंस जियो के ग्राहकों को एक जैसी कीमतों के बावजूद अधिक डेटा मिल रहा है. बीएनपी पारिबास ने एक टेबल जारी कर बताया है कि कीमतों के हिसाब से देंखे तो 299 रु वाले 28 दिनों के प्लान में रिलायंस जियो 1.5 जीबी डेटा रोजाना उपलब्ध कराता है. वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 299 रु में सिर्फ 1 जीबी डेटा प्रतिदिन ही ग्राहकों को इस्तेमाल के लिए देते हैं. इसे दूसरी तरह से देखें तो जहां रिलायंस जियो 28 दिनों के 1.5 जीबी प्लान के लिए 299 रु ले रहा है वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया समान अवधि के 1.5 जीबी प्लान के लिए 50 रु ज्यादा यानी 349 रु चार्ज कर रहे हैं.

# 143 दवाएं फेल, 8 निकली नकली



**नई दिल्ली, 21 अगस्त. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की नियमित निगरानी गतिविधि के तहत जुलाई 2025 में खराब गुणवत्ता वाली और नकली दवाओं की सूची जारी की गई है.**

केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने इस दौरान 46 दवाओं के नमूनों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, जबकि राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 97 दवा नमूनों को मानक के अनुरूप न पाकर एनएसक्यू घोषित किया. इस प्रकार कुल 143 दवा नमूने जुलाई माह में असफल पाए गए.दवाओं को एनएसक्यू तब घोषित किया जाता है, जब वे किसी न किसी निर्धारित गुणवत्ता पैरामीटर पर खरी नहीं उतरतीं. यह असफलता केवल संबंधित बैच तक सीमित होती है और इसका असर बाजार में उपलब्ध अन्य बैचों पर नहीं होता. इसके अलावा, जुलाई 2025 में बिहार से सात दवा नमूने और सीडीएससीओ नॉर्थ जोन, गाज़ियाबाद से एक दवा नमूना नकली पाया गया. जांच में सामने आया कि ये दवाएं अनधिकृत निर्माताओं द्वारा किसी अन्य कंपनी के ब्रांड नाम का दुरुपयोग कर तैयार की गई थीं. वहीं, इस मामले की जांच जारी है और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# शेयर कारोबार की अवधि बढ़ाएगा सेबी

**मुंबई, 21 अगस्त.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है. उन्होंने कहा कि नकदी बाजार में कारोबार तेजी से बढ़ा है और तीन साल की अवधि में दैनिक कारोबार दोगुना हो गया है. पांडेय ने 'फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' 2025 में कहा, '' हम वायदा-विकल्प उत्पादों के परिपक्वता खाके और सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे. ताकि वे 'हेजिंग' और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर सेवा प्रदान कर सकें.'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शेयर वायदा कारोबार पूंजी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

---

**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**TENDER NOTICE NO. 54**

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for The fourth phase of the work to renovate, preserve, conserve and reconstruct the Sangeet Surya Keshavrao Bhosale Theatre and Rajarshi Shahu Khasbagh Wrestling Ground in the Kolhapur Municipal Corporation area it includes stage electrification, drapery, audio-video, chairs and ancillary works. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 22/08/2025 09.30 AM to 29/08/2025 at 3.30 PM. Pre Bid Meeting on 25/08/2025 Tender Opening Date 03/09/2025 at 4.00 pm.

Date 21/08/2025

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation

---

**भारतीय स्टेट बैंक** होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग) | एच. एल. सी.-1, द्वितीय तल, वाणिज्यिक शाखा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2575163,2575170, E-mail : sbi.04484@sbi.co.in

**आधिपत्य नोटिस ( स्थावर सम्पत्ति ) [13(4)]**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 ( 12 ) सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम 2002 के नियम ( 3 ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना निम्नलिखित दिनांक के अनुसार जारी किया । इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था। ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 ( 4 ) सहपठित उक्त कथित नियम ( 8 ) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को उनके सामने दर्शाये गये दिनांक को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेंटर भोपाल-1 ( सार्क विंग ), अरेरा हिल्स, भोपाल** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार ( Charge ) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने ( Redeem करने ) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| बकायादार का नाम | 60 दिवस मांग सूचना दिनांक | नोटिस राशि रू. | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं भवन/प्लॉट की सीमाएँ/स्थिति |
|---|---|---|---|
| **श्री सुधांशु शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा एवं श्रीमती गुंजन शर्मा पत्नी श्री सुधांशु शर्मा** | 16/06/2025 **कब्जा दिनांक** 21/08/2025 | राशि रू. **93,81,779/-** + देय ब्याज व अन्य खर्च | फ्लैट नं. 501, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 3-ए, सीनियर एचआईजी, रीगल टाउन, खजूरीकलां, भोपाल, म.प्र **क्षेत्रफल : 96.19** वर्गमीटर, **सीमाएं-** पूर्व: फ्लैट नं. 502 (विंग-बी), पश्चिम: फ्लैट नं. 504, उत्तर: सरकुलेशन एरिया, दक्षिण: फ्लैट नं. 502, **संपत्ति मालिक:** श्री सुधांशु शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा। |
| **श्री सुधांशु शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा** दोनों के पता : प्लाट नं. 180, ट्यूलिप सिग्नेचर 360, ग्राम बर्रई, कटारा हिल्स के पास, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल, म.प्र. 2. फ्लैट नं. 501, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 3-ए, सीनियर एचआईजी, रीगल टाउन, अवधपुरी, खजूरीकलां, भोपाल, म.प्र. | | | प्लाट नं. 180, ट्यूलिप सिग्नेचर 360, ग्राम बर्रई, कटारा हिल्स के पास, तहसील हुजूर, जिला. भोपाल, म.प्र. **क्षेत्रफल : 85.50** वर्गमीटर, **सीमाएं-** पूर्व: प्लाट नं.177, पश्चिम: रोड, उत्तर: प्लाट नं.179, दक्षिण: प्लाट नं.181, **संपत्ति मालिक:** श्री सुधांशु शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा। |

दिनांक : 21.08.2025 **प्राधिकृत अधिकारी**

---

**भारतीय स्टेट बैंक** होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग) | एच.एल.सी.-1, द्वितीय तल, वाणिज्यिक शाखा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2575163,2575170, E-mail : sbi.04484@sbi.co.in

**अधिनियम की धारा 13 ( 2 ) के तहत नोटिस**

एक सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने बैंक से प्राप्त ऋण की मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों ( एनपीए ) के रूप में वर्गीगृत किया गया है। नोटिस धारा 13 ( 2 ) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए थे, लेकिन उन्हें वापस कर दिया गया है और इस प्रकार उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | संपत्ति का विवरण/पता | नोटिस की तारीख | एनपीए की तारीख | बकाया राशि ( नोटिस की तारीख के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती निधि गुप्ता पत्नी श्री मनीष कुमार गुप्ता और श्री मनीष कुमार गुप्ता पुत्र श्री मोतीलाल गुप्ता | 1. फ्लैट क्र. 17002, ब्लॉक क्र.17, सौम्या पार्कलैंड, ग्राम-खजूरी कलान, तहसील हुजूर, जिला भोपाल। 2. मनीष कुमार गुप्ता पुत्र श्री मोतीलाल गुप्ता हाउस नंबर 14, ग्राउन्ड फ्लोर, सौम्या विहार, अवधपुरी, भोपाल। 3. जिया कलेक्शन एंड मैचिंग कार्नर, नियर जीएसटी सलून, मूथूट् फाइनेंस के सामने, अवधपुरी चौराहा, भोपाल। | 29.07.25 | 28.07.25 | 20,42,690.00 |

उधारकर्ता और/या उनके गारंटर ( जहां लागू हो ) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए बुलाया जाता है, अन्यथा इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधारकर्ताओं का ध्यान धारा 13 के उप-खंड ( 8 ) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्तियों को पुन: प्राप्त करने के लिए समय की उपलब्धता के संबंध में है।

दिनांक: 21.08.2025
स्थान: भोपाल

अधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा, जिला-सीहोर ( म.प्र. )**

क्रमांक 840/ई-टेण्डरिंग/तक.शा./न.पा./2025 आष्टा दिनांक 21/08/2025

**-:: ई निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद आष्टा के स्वामित्व के स्वीमिंग पुल संधारण-संचालन हेतु ई-निविदा दरें उच्चतम ऑफर के आधार पर इच्छुक अनुभवी संचालनकर्ता से आमंत्रित की जाती हैं । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र | ऑनलाईन टेण्डर नं | कार्य का नाम | न्यूनतम किराया | संचालन/संधारण I की समयवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _445975_1 | नगर पालिका परिषद आष्टा के स्वामित्व के यथा स्थित स्वीमिंग पुल का संधारण-संचालन कार्य एवं स्वीमिंग पुल परिसर में खेल क्लब रेस्टोरेंट, बेण्डमिंटन/बास्केट बाल ग्राउण्ड का विस्तार कार्य। ऑफरकर्ता को उपरोक्त खेल क्लब रेस्टोरेंट की ड्राईंग डिजाईन तैयार कराकर इस कार्यालय से अनुमोदन करना होगा। खेल क्लब-रेस्टोरेंट बेण्डमिंटन/बास्केटबाल ग्राउण्ड विकास कार्य इत्यादि में होने वाले व्यय की व्यवस्था ऑफरकर्ता को स्वयं करनी होगी। आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण का कार्य भी ऑफरकर्ता को स्वयं के व्यय पर करना होगा। जिस पर होने वाले व्यय की भी व्यवस्था ऑफरकर्ता को करनी होगी। | 25000/- प्रतिमाह जीएसटी पृथक से देय होगी। | 30 वर्ष | 2000/- 50000/- | 08/09/ 2025 सायं17:30 तक |

**नोट** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनोद कुमार प्रजापति मुख्य न.पा. अधिकारी न.पा.प. आष्टा | कमलेश जैन प्रभारी लो.नि.विभाग न.पा.आष्टा | सिद्धीका बी भूरू भाई उपाध्यक्ष न.पा.प. आष्टा | हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा अध्यक्ष न.पा.प. आष्टा |

---

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद इटारसी**

क्रं./लोक कर्म शाखा/2025 /1150 इटारसी दि. 20 .08 .2025

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है . निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं | टेण्डर पोर्टल क्रं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_445455_1 | इटारसी के कस्तूरबा वार्ड क्रमांक 19 में सुधीर गौर के मकान से विशाल पुरी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य ( तृतीय आमंत्रण ) सांसद निधि | 4,43,231/- | 2000/- 4433/- | 26.08.2025 17.30 |
| 2. | 2025_UAD_445466_1 | वार्ड क्रं 4 में भारत सिंह ढाकुर के मकान से माढिया बाबा होते हुए बडे नाले तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य . ( तृतीय आमंत्रण ) | 4,09,901/- | 2000/- 4099/- | 26.08.2025 17.30 |
| 3. | 2025_UAD_445482_1 | नगरपालिका इटारसी के पुरानी इटारसी में बजरंग व्यायाम शाला में चबूतरा एवं टिन शेड निर्माण कार्य . विधायक निधि ( द्वितीय आमंत्रण ) | 1,67,929/- | 2000/- 1679/- | 26.08.2025 17.30 |
| 4. | 2025_UAD_445493_1 | वार्ड क्रं 04 में मैथिल मास्साब के मकान से नरेश भगौरिया के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य . ( तृतीय आमंत्रण ) विधायक निधि | 2,89,964/- | 2000/- 2900/- | 26.08.2025 17.30 |
| 5. | 2025_UAD_445729_1 | वार्ड क्रं 33 में श्री विनोद पेंटर के मकान से श्री शशिकांत भाउ के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य . विधायक निधि ( द्वितीय आमंत्रण ) | 2,86,039/- | 2000/- 2860/- | 27.08.2025 17.30 |
| 6. | 2025_UAD_445740_1 | वार्ड क्रं 11 में पेयजल हेतु टयूबबेल खनन कार्य . विधायक निधि ( द्वितीय आमंत्रण ) | 1,94,473/- | 2000/- 1945/- | 27.08.2025 17.30 |
| 7. | 2025_UAD_445746_1 | वार्ड क्रं 11 में मछली बाजार हेतु प्लेटफार्म व शेड निर्माण कार्य . विधायक निधि ( द्वितीय आमंत्रण ) | 6,34,908/- | 2000/- 6349/- | 27.08.2025 17.30 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा . पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा .

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद इटारसी**